कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सुकमा (छ0ग0)

E.Mail ID - cmho.sukma@gmail.com / Fax no - 07864-284475

क्रमांक / 3080 / मु.चि.अ. / स्था / एन.एच.एम. / भर्ती / 2026 सुकमा, दिनांक 12/10/2026

--00 विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती हेतु वाक–इन–इंटरव्यू सूचना 00--

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में जिले की स्वीकृत आर. ओ. पी. में स्वीकृत मानव संसाधन (कार्यक्रम प्रबंधन एवं सेवा प्रदाता) की संविदा भर्ती किये जाने के संबंध में अनुमति प्रदान की गई है। मानव संसाधन नीति 2018 में दिये गये निर्देशानुसार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जिला–सुकमा (छ0ग0) के विभिन्न कार्यक्रम अंतर्गत निम्नानुसार रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु वाक इन इंटरव्यू विज्ञापन की सूचना प्रकाशित किया जा रहा है। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार निर्धारित संलग्न प्रपत्र में आवेदन पत्र के साथ स्वयं, कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला सुकमा (छ.ग.) में उपस्थित होकर पदवार निर्धारित दिनांक को वाक इन इंटरव्यू मे भाग ले सकते है। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

रिक्त पद, संविदा वेतन एवं योग्यता

S.N	Post Name	Salary	No Of Vacant Post	Essential Educational Qualification	Desirable
1	2	3	4	5	6
1	2nd ANM	12000/-	Total Post -01 ST -01 (01 विकलांग)	12th passed, ANM passed & INC affiliated training center & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Counslling.	
2	Nursing Officer NHM	16500/-	Total Post -02 ST -02 (01 – विकलांग, 01–भू.पू.सै.)	BSC Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council.	
3	Nursing Officer trauma - Emergency)	16500/-	Total Post -01 ST -01 (01 मुक्त)	BSC Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council.	
4	Laboratory Technicians – DPHL IDSP	14000/-	Total Post -01 ST -01 (01 महिला)	D.M.L.T. or B.M.L.T. Course with Registration in CG Paramedical Council.	
5	Physiotherapist NCD	18000/-	Total Post -05 UR-01 मुक्त ST -04 (03 मुक्त+ 01 महिला)	Bachelor's Degree in Physiotherapy (BPT)	
6	Opthalmic Assistant	15000/-	Total Post -03 ST -03 (03 मुक्त)	12th Pass with biology and 2 Year Diploma Course in Optometry or Opthalmic Assistant & Live registration in CG Paramedical council	
7	Dental Surgeons	27500/-	Total Post -01 ST -01 (01 मुक्त)	MDS With Registration in CG medical council **OR** BDS With Registration in CG medical council	
8	MO – Ayush Male	25000/-	Total Post -02 ST -02 पुरुष	BHMS/BAMS/BUMS Degree Registraion from any GOI Reconised (BAMS /BHMS/ BUMS) Ayush, Homeo, Unani registration board. OR BDS with registration in Chhattisgarh Medical Council.	
9	MO – Ayush Female	25000/-	Total Post -03 ST -03 महिला	BHMS/BAMS/BUMS Degree Registraion from any GOI Reconised (BAMS /BHMS/ BUMS) Ayush, Homeo, Unani registration board. OR BDS with registration in Chhattisgarh Medical Council.	

10	Staff Nurse - NRC	16000/-	Total Post -01 ST -01 (01– भूतपूर्व सैनिक)	BSC Nursing OR GNM Course Passed & Live Registration in Chhattisgarh Nursing Registration Council.	
11	Feeding Demonstrator	12000/-	Total Post -01 ST -01 (01 मुक्त)	BSC Home Science	
12	Community Health Officer	16500/-	Total Post -20 UR-03 मुक्त ST -16 (06 मुक्त + 04 विकलांग + 06 भूतपूर्व सैनिक) OBC-01 मुक्त	• मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोर्स इन कम्युनिटी हेल्थ सम्मिलित बी.एस.सी नर्सिंग पाठ्यक्रम (B.Sc Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण। अथवा • मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से सर्टिफिकेट कोस इन कम्युनिटी हेल्थ सम्मिलित पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (Post Basic B.Sc Nursing Certificate in Community Health Integrated Course) उत्तीर्ण। • अभ्यर्थी का छ.ग. नर्सिंग कॉऊसिल में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।	
13	Audiologist NPPCD	25000/-	Total Post -01 UR-01 मुक्त	Bachelor of Audiology & Speech Language Pathology (BASLP)/ B.S.C. (Speech And Hearing) From RCI Recognized institute	
14	Lab Assistant - DPHL	12000/-	Total Post -02 ST -02 मुक्त	12th pass with Biology with 1 year Experience in laboratory	
15	Technical Assistant – Audiometric NPPCD	15000/-	Total Post -01 UR-01 मुक्त	Diploma In Hearing Language And Speech (DHLS) (Recognized by RCI)	
16	Technical Assistant - Hearing Impaired Children NPPCD	15000/-	Total Post -01 UR-01 मुक्त	Diploma in Training young deaf and hearing handicapped (DTYDHH) from RIC recognized insitute	
17	Support Staff (Housekeeping staff) ICU	10000/-	Total Post -01 ST-01 मुक्त	8th Passed	
18	Jr. Secretarial Assistant - NHM	12000/-	Total Post -02 ST-02 मुक्त	12th passed with at least 1 year Diploma in Computer Application.	
19	Jr. Secretrial Assistant - LDC - UHWC	12000/-	Total Post -02 ST-02 मुक्त	12th passed with at least 1 year Diploma in Computer Application.	
20	Counselor - NHM	12000/-	Total Post -01 ST -01 महिला	PG Degree /Diploma in Psychology/Counseling/ Health Education/ Mass Communication/ Social Science	
21	Class - IV - UHWC	8800/-	Total Post -01 ST-01 मुक्त	8th Passed	

नोटः–

- उपरोक्त पदों पर नियुक्ति हेतु नियम एवं शर्ते, आवेदन का प्रारूप एवं चयन प्रक्रिया का विस्तृत विवरण कार्यालय के सूचना पटल पर एवं जिले के वेबसाईट **www.sukma.gov.in** में देखी जा सकती है।
- उपरोक्त सारणी में दिये गये पदो पर सुकमा जिले के आरक्षण रोस्टर के अनुसार वर्गवार रिक्त पदों पर संविदा भर्ती लिया जा रहा है।

वाक इन इंटरव्यू दिशा–निर्देश

क्र	आवेदित पद क्रमांक एवं का नाम	दिनांक	समय	रिमार्क
1	1. 2nd ANM 2. Nursing Officer NHM 3. Nursing Officer trauma Emergency 10. Staff Nurse NRC	वाक इन इंटरव्यू दिनांक 26.10.2026	प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक	संलग्न आवेदन पत्र में भरी गई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन
			सायं 5:00 बजे	पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन
			सायं 05:00 बजे से 05:30 बजे तक	दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत
		दिनांक 27.10.2026	प्रातः 10:00 बजे	दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन एवं साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन
			दोपहर 12:00 बजे से	साक्षात्कार/लिखित परीक्षा का आयोजन
2	4. Laboratory Technicians DPHL IDSP 5. Physiotherapist 6. Opthalmic Assistant 7. Dental surgeons	वाक इन इंटरव्यू दिनांक 28.10.2026	प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक	संलग्न आवेदन पत्र में भरी गई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन
			सायं 5:00 बजे	पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन
			सायं 05:00 बजे से 05:30 बजे तक	दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत
		दिनांक 29.10.2026	प्रातः 10:00 बजे	दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन एवं साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन
			दोपहर 12:00 बजे से	साक्षात्कार/लिखित परीक्षा का आयोजन
3	8. MO- Ayush Male 9. MO- Ayush Female 13. Audiologist NPPCD 15. Technical Assistant-Audiometric 16. Technical assistant Hearing Impaired children	वाक इन इंटरव्यू दिनांक 02.11.2026	प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक	संलग्न आवेदन पत्र में भरी गई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन
			सायं 5:00 बजे	पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन
			सायं 05:00 बजे से 05:30 बजे तक	दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत
		दिनांक 03.11.2026	प्रातः 10:00 बजे	दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन एवं साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन
			दोपहर 12:00 बजे से	साक्षात्कार/लिखित परीक्षा का आयोजन
4	12. Community Health Officer	वाक इन इंटरव्यू दिनांक 12.11.2026	प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक	संलग्न आवेदन पत्र में भरी गई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन
			सायं 5:00 बजे	पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन
			सायं 05:00 बजे से 05:30 बजे तक	दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत
		दिनांक 13.11.2026	प्रातः 10:00 बजे	दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन एवं साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन
			दोपहर 12:00 बजे से	साक्षात्कार/लिखित परीक्षा का आयोजन
5	11. Feeding Demonstrator 14. Lab assistant 20. Counselor	वाक इन इंटरव्यू दिनांक 04.11.2026	प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक	संलग्न आवेदन पत्र में भरी गई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन
			सायं 5:00 बजे	पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन
			सायं 05:00 बजे से 05:30 बजे तक	दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत
		दिनांक 05.11.2026	प्रातः 10:00 बजे	दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन एवं साक्षात्कार/लिखितपरीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन
			दोपहर 12:00 बजे से	साक्षात्कार/लिखित परीक्षा का आयोजन

6	17. Support Staff (Housekeeping staff) ICU 21. Class IV - UHWC	वाक इन इंटरव्यू दिनांक 16.11.2026	प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक	संलग्न आवेदन पत्र में भरी गई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन
			सायं 5:00 बजे	पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन
			सायं 05:00 बजे से 05:30 बजे तक	दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत
		दिनांक 17.11.2026	प्रातः 10:00 बजे	दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन एवं साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन
			दोपहर 12:00 बजे से	साक्षात्कार/लिखित परीक्षा का आयोजन

7	18. Jr. Secretarial Assistant - NHM 19. Jr. Secretrial Assistant - LDC - UHWC	वाक इन इंटरव्यू दिनांक 18.11.2026	प्रातः 09:00 बजे से 12:00 बजे तक	संलग्न आवेदन पत्र में भरी गई पूर्ण जानकारी के साथ अभ्यर्थियों का पंजीयन
			सायं 5:00 बजे	पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन
			सायं 05:00 बजे से 05:30 बजे तक	दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत
		दिनांक 19.11.2026	प्रातः 10:00 बजे	दावा आपत्ति निराकरण उपरांत अंतिम पात्र–अपात्र सूची का प्रकाशन एवं साक्षात्कार/लिखित परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन
			दोपहर 12:00 बजे से	साक्षात्कार/लिखित परीक्षा का आयोजन

विशेष सूचनाः–

1. उक्त निर्धारित दिवसो को किसी कारणवश संपूर्ण प्रक्रिया संपादित नही होने की दशा में, आगे की प्रक्रिया अगले कार्यालयीन दिवसो में संपादित की जावेगी। जिसकी सूचना सुकमा के वेबसाईट **www.sukma.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पटल में प्रदर्शित कर दी जावेगीं।
2. उक्त समस्त विज्ञापित पदो की चयन सह प्रतीक्षा सूची का प्रकाशन समस्त पदो हेतु वाक–इन–इंटरव्यू पूर्ण होने उपरांत जिले की वेबसाइट एवं कार्यालय के सूचना पटल में प्रकाशित की जावेंगी।
3. उक्त तालिकानुसार उक्त तिथि एवं समय के पश्चात अभ्यार्थियो का आवेदन स्वीकार नही किया जायेगा।
4. उक्त तालिकानुसार समस्त पदो का वाक इन इन्टरव्यू स्थान– लाईवलीहूड कॉलेज कुम्हाररास सुकमा में किया जायेगा, शेष समय एवं दिनांक यथावत रहेगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला – सुकमा (छ.ग.)

—:: चयन प्रक्रिया के संबंध में दिशा निर्देश ::—

1. आवेदन पत्र के संबंध में:—

1.1. संविदा भर्ती के संदर्भ में आरक्षण व अन्य शर्ते राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छ.ग. द्वारा जारी मानव संसाधन नीति 2018 के सभी नियम व शर्तो के अनुसार लागू होंगे। उक्त विज्ञापित पदों की संख्या परिवर्तनीय है। (पदों की सख्या घटाई या बढायी जा सकती है)

1.2. एक से अधिक पदों में भर्ती के इच्छुक उम्मीदवारो को प्रत्येक पद के लिए अलग—अलग आवेदन जमा करना होगा।

1.3. माननीय उच्चतम न्यायालय, नई दिल्ली के S.L.P.(C) No.19668/2022 के अंतिम आदेश के अध्यधीन होगी। (छत्तीसगढ आरक्षण अधिनियम, 2012)

1.4. आवेदक जिले के वेबसाईट में प्रकाशित विज्ञापन के आधार पर जिले के वेबसाईट www.sukma.gov.in मे विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप डाउनलोड कर सकते हैं।

1.5. विज्ञापित पद क्र 1, 2, 12 में निःशक्तजनो के लिए आरक्षित पदो हेतु एक पैर (OL) 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।

1.6. अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से तथा प्रमाण पत्र, विज्ञापन आवेदन के अंतिम दिवस/पूर्व धारित होना अनिवार्य है।

1.7. संलग्न समस्त दस्तावेज तथा प्रमाण पत्र एवं फोटो स्व प्रमाणित/स्व हस्ताक्षरित/self attested करना अनिवार्य है।

1.8. आवेदन पत्र में निर्धारित स्थानो पर आवेदक का हस्ताक्षर करना अनिवार्य है, हस्ताक्षर नही होने पर अपात्र घोषित किया जावेगा।

1.9. अभ्यर्थियों को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि तक समस्त शैक्षणिक एवं अन्य अर्हतायें पूर्ण करना आवश्यक है। अन्यथा आवेदन पत्र अस्वीकार्य कर दिया जायेगा तथा उक्त संबंध में कोई अभ्यावेदन स्वीकार्य नहीं होगा।

1.10. संलग्न आवेदन पत्र में स्पष्ट रुप से आवेदक का नाम, पूर्ण पता, आवेदित पद का नाम, पद क्रमाक, वर्ग (UR/ST/SC/OBC) पूर्ण रुप से भरा होना आवश्यक है एवं सलग्न दस्तावेज की संख्या का उल्लेख होना अनिवार्य है। उक्त के अभाव में आवेदन निरस्त माना जावेगा। आवश्यक दस्तावेजों की स्व प्रमाणित एक—एक प्रति संलग्न करना आवश्यक है

1.11. दस्तावेज सत्यापन के मूल दस्तावेज प्रस्तुत नही करने की स्थिति में अभ्यर्थी को अपात्र माना जावेगा।

1.12. चयन उपरांत सभी चयनित उम्मीदवारों का अन्य जगहों पर आवेदन करने के लिए संबंधित अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) लेना अनिवार्य होगा।

1.13. आवेदक को छत्तीसगढ़ का निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1.14. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य का **स्थायी जाति प्रमाण पत्र** प्रस्तुत करना होगा। अस्थायी जाति प्रमाण पत्र वाले उम्मीदवार को अपात्र किया जायेगा।

1.15. अन्य पिछडा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों का राज्य स्तर के OBC जाति प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।

1.16. अभ्यर्थी आवेदन पत्र के निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं का नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो स्वयं के द्वारा सत्यापित कर चिपकायें।

1.17. आवेदन पत्र के साथ संलग्न समस्त दस्तावेजो को अच्छी तरह से नस्तीबद्व किया जावे, आवेदन पत्र निर्धारित क्रम में ही व्यवस्थित करें। (1.पावती, 2.आवेदन पत्र, 3.शैक्षणिक योग्यता, 4.निवास प्रमाण पत्र, 5.जाति प्रमाण पत्र, 6.रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र, 7.अनुभव प्रमाण पत्र, 8.अन्य प्रमाण पत्र)। आवेदन पत्र के साथ दिये गये प्रारूप में पावती को भरकर संलग्न करना अनिवार्य होगा।

1.18. सभी नियुक्तियॉ संविदा आधार पर 31/03/2027 तक पूर्णतः अस्थाई व अस्थानांतरणीय है। कार्य मूल्यांकन संतोषजनक होने की स्थिति में उपरोक्त अवधि में वृद्धि की जा सकती है।

1.19. साक्षात्कार/लिखित/कौशल परीक्षा में मूल पहचान पत्र लाना अनिवार्य है।

1.20. अपूर्ण, अस्पष्ट एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्र अमान्य किया जावेगा। प्रत्येक आवेदक को स्वयं आंकलन कर लेना चाहिए कि विज्ञापित पदो मे से जिन पदो के लिए आवेदनकर रहे है, उस पद के लिए न्यूनतम शैक्षणि एवं वांछनीय योग्यता पूर्ण करते हो तथा विज्ञापन में दिये गये निर्देशो का पालन करते हुए आवेदन पत्र में सभी जानकारी सावधानी पूर्वक पढ़कर पूर्णरूपेण भरा जावे। यदि आवेदन पत्र में आवेदक द्वारा दी गई कोई भी जानकारी अपूर्ण/असत्य या त्रुटिपूर्ण पाये जाने एवं वांछित दस्तावेज के अभाव में आवेदक को बिना पूर्व सूचना दिये आवेदन पत्र चयन के किसी भी स्तर पर व चयन होने के बाद भी कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व ऐसे आवेदको की उम्मीदवारी निरस्त किया जा सकेगा।

2. आयु सीमा :–

2.1. आयु सीमा – संविदा भर्ती के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम 70 वर्ष चिकित्सकीय पद हेतु तथा 64 वर्ष प्रबंधकीय पद हेतु होगी। आयु गणना हेतु आधार वर्ष 01.01.2026 होगा। आयु सीमा में छ.ग. शासन द्वारा दिये जाने वाले सभी छूट सम्मिलित है।

2.2. जन्म तिथि के प्रमाण हेतु 10वी अंक सूची/जन्म प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

3. शैक्षणिक योग्यता के संबंध में स्पष्टीकरण

3.1. अनिवार्य शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता मान्यता प्राप्तसंस्थान/मंडल/विश्वविद्यालय से होने चाहिए।

3.2. अंक ग्रेड पद्धति से होने की दशा में निम्नानुसार अंक लिया जावेगा

3.2.1

SN	Grade	Marks Range	प्रदाय की जाने वाली अंक	रिमार्क
1	A1	91-100	91	यदि अंक सूचि में Grade है तो इसकी गणना 3.2.1 के रुप में मान्य होगा
2	A2	81-90	81	
3	B1	71-80	71	
4	B2	61-70	61	
5	C1	51-60	51	
6	C2	41-50	41	
7	D	33-40	33	
8	E1	21-32		
9	E2	00-20		

3.2.2

SN	Grade Point	Marks Range	प्रदाय की जाने वाली अंक	रिमार्क
1	10.0	91-100	91	यदि अंक सूचि में Grade Point है तो इसकी गणना 3.2.2 के रुप में मान्य होगा उदाहरण के लिए 8.5 अंक हो तो 71+5= 76 अंक लिया जावेगा
2	9.0	81-90	81	
3	8.0	71-80	71	
4	7.0	61-70	61	
5	6.0	51-60	51	
6	5.0	41-50	41	
7	4.0	33-40	33	

3.2.3

SN	Grade	Marks Range	प्रदाय की जाने वाली अंक	रिमार्क
1	A+	91-100	91	यदि अंक सूचि में Grade है तो इसकी गणना 3.2.3 के रुप में मान्य होगा
2	A	81-90	81	
3	B+	71-80	71	
4	B	61-70	61	
5	C+	51-60	51	
6	C	41-50	41	
7	D	33-40	33	

4. भर्ती प्रक्रिया :–

4.1 प्राप्त आवेदनों एवं संलग्न दस्तावेजों की स्क्रूटनी उपरांत दावा आपत्ति हेतु पात्र अपात्र अभ्यर्थियों की सूची, कौशल/दक्षता परीक्षा/साक्षात्कार हेतु बुलावा, चयन सूची एवं अन्य सूचना तथा निर्देश का प्रकाशन कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सुकमा के सूचना पटल एवं जिले के बेवसाईट www.sukma.gov.in में चस्पा/प्रसारित की जायेगी। अन्य किसी माध्यम से पृथक से कोई सूचना अभ्यर्थी को नहीं दी जायेगी। अभ्यर्थी समय समय पर नियमित रूप से जिले के बेवसाईट www.sukma.gov.in का अवलोकन करते रहें।

4.2 **पद क्रमांक 01 हेतु अंको का निर्धारण :– कुल 100 अंक**

- **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 60 प्रतिशत अंक**
- **अनुभव का अधिकतम –20 अंक**

➢ **लिखित/साक्षात्कार/कौशल परीक्षा – 20 अंक**

- (अ) राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्य करने वाले आवेदक को अधिकतम 15 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 3 अंक, अधिकतम 5 वर्ष), ए.एन.एम. पद हेतु प्रशिक्षित मितानिन आवेदंकों को अधिकतम 20 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 4 अंक, अधिकतम 5 वर्ष) तथा अन्य आवेदक को अधिकतम 10 अंक (प्रत्येक वर्ष हेतु 2 अंक, अधिकतम 5 वर्ष) दिया जावेगा।
- **लिखित/साक्षात्कार/कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची =** (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक)
- लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा – 20 अंक में से न्यूनतक 07 अंक (33 प्रतिशत) प्राप्त करना अनिवार्य होगा, 07 से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चयन की प्रक्रिया में अपात्र होंगे तथा अनंतिम मेरिट सूची में स्थान नही दिया जावेगा।
- **अंतिम चयन सूची =** (शैक्षणिक योग्यता+ अनुभव का अंक+लिखित/साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा के अंक)

4.3 **पद क्रमांक 01 को छोड़कर समस्त पदो का अंको का निर्धारण :– कुल 100 अंक**

➢ **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांको का 65 प्रतिशत अंक**

➢ **अनुभव का अधिकतम –15 अंक**

➢ **लिखित/साक्षात्कार/कौशल परीक्षा – 20 अंक**

- (अ) पद से संबंधित कार्यानुभव पर प्रति वर्ष 02 अंक व अधिकतम 10 अंक एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को प्रति वर्ष 03 अंक व अधिकतम 15 अंक प्रदान किया जावेगा। वर्ष पूर्ण होने पर ही 01 वर्ष की गणना की जावेगी।
- **लिखित/साक्षात्कार/कौशल परीक्षा हेतु पात्र अभ्यर्थियों की सूची =** (शैक्षणिक योग्यता+अनुभव का अंक)
- लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा – 20 अंक में से न्यूनतक 07 अंक (33 प्रतिशत) प्राप्त करना अनिवार्य होगा, 07 से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चयन की प्रक्रिया में अपात्र होंगे तथा अनंतिम मेरिट सूची में स्थान नही दिया जावेगा।
- **अंतिम चयन सूची =** (शैक्षणिक योग्यता+ अनुभव का अंक + लिखित/साक्षात्कार/ कौशल परीक्षा के अंक)

4.2 प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर निम्न तालिका में दिये अनुसार अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन तथा लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार/चयन हेतु आमंत्रित किया जावेगा :–

क्र.	कुल विज्ञापित पदों की संख्या	कौषल परीक्षा/साक्षात्कार लिये जाने हेतु अभ्यार्थियों की सख्या
1	1 से 10	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 10 गुना
2	11 से 50	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना
3	50 से अधिक	कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 03 गुना

4.3 दस्तावेज सत्यापन तथा लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय निम्न दस्तावेजों की मूलप्रति के साथ अभ्यर्थियों को उपस्थित होना अनिवार्य है :–

1. आवेदन पत्र
2. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र
3. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र
4. आठवीं/दसवीं/बारहवीं की अंकसूची
5. दसवी/बारहवीं की अंकसूची
6. शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची (सभी वर्षों का) तथा जीवित पंजीयन
7. अनुभव प्रमाण पत्र/अनापत्ति प्रमाण पत्र (केवल शासकीय संस्था/उपक्रम/निगम मण्डल का नियोक्ता द्वारा प्रदाय अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा, न्यूनतम एक वर्ष या अधिक अवधि का अनुभव मान्य होगा।
8. वैध मूल पहचान पत्र (आधार कार्ड/पैनकार्ड/वोटरआई.डी./ड्राईविंग लायसेंस एवं अन्य वैध पहचान पत्र)
9. अन्य आवश्यक दस्तावेज।

10. 01 पासपोर्ट साईज फोटो
11. जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन अनिवार्य है। (शैक्षणिक योग्यता में संबंधित कौंसिल का पंजीयन होने पर जिला रोजगार पंजीयन अनिवार्य नही है।)
12. संबंधित कौंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र (लागू होने पर)
13. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (लागू होने पर)
14. भूतपूर्व सैनिक प्रमाण पत्र (लागू होने पर)

5. अंतिम चयन सूची निम्नांकित आधार पर बनाई जावेगी :–

5.1 शैक्षणिक योग्यता (**Essential Educational Qualification**) में प्राप्तांकों का प्रतिशत का– 65 प्रतिशत अंक।

5.2 अनुभव प्रमाण पत्र केवल शासकीय/अर्द्वशासकीय संस्थान (केन्द्र व छ.ग. शासन का उपक्रम) का ही मान्य होगा। पद से संबंधित कार्यानुभव पर प्रति वर्ष 02 अंक व अधिकतम 10 अंक एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत कार्यरत कर्मचारियों को प्रति वर्ष 03 अंक व अधिकतम 15 अंक प्रदान किया जावेगा। वर्ष पूर्ण होने पर ही 01 वर्ष की गणना की जावेगी। (आवेदक को अनुभव प्रमाण पत्र के साथ कार्यालय का नियुक्ति आदेश पत्र संलग्न करना अनिवार्य होना, कार्यालय का नियुक्ति आदेश पत्र संलग्न नहीं होने की स्थिति में अनुभव के अंक प्रदान नहीं किया जावेगा।)

5.3 पद से संबंधित अनुभव होने पर ही अभ्यर्थी को अनुभव के अंक प्रदान किये जायेंगे।

5.4 स्वेच्छा अथवा निःशुल्क रूप से कार्य किये अभ्यर्थियो के कार्यावधि का अनुभव का अंक प्रदाय नहीं किया जावेंगा।

5.5 द्वितीय ए.एन.एम. पद के लिए 31 दिसम्बर 2017 तक ए.एन.एम. पाठ्यक्रम में उत्तीर्ण हो चुकी मितानिनों को राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र से प्राप्त मितानिन का अनुभव का लाभ दिया जावेगा। मितानिन प्रशिक्षण हेतु राज्य स्वास्थ्य संसाधन केन्द्र द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र मान्य होगा।

5.6 शासकीय/अर्द्वशासकीय संस्था में कार्यरत अभ्यर्थियों को नियोक्ता द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। जिसका जारी दिनांक से 06 माह से पूर्व का ना हो।

5.7 उपरोक्तानुसार शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव के अंकों को जोडकर मेरिट सूची अनुसार अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा (20 अंक) अनुसार सूची तैयार की जावेगी।

5.8 लिखित/कौशल/साक्षात्कार परीक्षा – 20 अंक में से न्यूनतक 07 अंक (33 प्रतिशत) प्राप्त करना अनिवार्य होगा, 07 से कम अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी चयन की प्रक्रिया में अपात्र होंगे तथा अनंतिम मेरिट सूची में स्थान नही दिया जावेगा।

6. प्रतीक्षा सूची :–

उक्त पद के लिये प्रवर्ग वार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, जिसकी वैधता जारी दिनांक से एक वर्ष तक अथवा नवीन भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न नहीं होने तक जो पहले हो तक रहेगी। इस समयावधि में स्वीकृत नये पद/त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले **समान पद समान योग्यता** पदों को भी इसी सूची से भरा जा सकेगा।

7. भर्ती के संबंध में अन्य शर्तें :–

7.1. विज्ञापित पदों की संख्या में बैकलॉग पद शामिल है एवं पदों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है।

7.2. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नहीं होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जायेगी। इसमें सही पाये जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। चयन के पश्चात् भी किसी भी समय किसी पत्र/प्रमाण पत्र या अन्य त्रुटि दोनों पक्षों से (किसी भी पक्ष की ओर से) पाये जाने की अवस्था में नियमानुसार सेवा से पृथक किये जाने की कार्यवाही की जावेगी।

7.3. समान अंक प्राप्त होने की दशा में मूल शैक्षणिक योग्यता एवं जन्मतिथि के आधार पर वरीयता तय की जावेगी अर्थात जिस अभ्यर्थी की जन्म तिथि पहले होगी, उसके अनुसार वरीयता में उच्च क्रम पर रखा जावेगा। विज्ञापन अनुरुप शैक्षणिक (Qualification) योग्यता के क्रम संख्या के आधार पर प्राथमिकता दी जावेगी।

7.4. शैक्षणिक एवं तकनीकी योग्यता जिस संस्था से प्राप्त है उस संस्था का आवश्यकतानुसार छ.ग. शासन/यू.जी.सी./ए.आई.सी.टी.आई. एवं संबंधित कौंसिल से मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त अन्य संस्था अमान्य है। (इस हेतु वेबसाईट https://www.ugc.ac.in का अवलोकन करें)

7.5. पूर्व में किसी भी अभ्यर्थी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मानव संसाधन नीति 2018 के तहत नियमो का उल्लंघन के कारण पद से पृथक किया गया है या सेवा समाप्त किया गया हो ऐसे अभ्यर्थी का आवेदन अमान्य माना जावेगा।

7.6. अभ्यर्थी के द्वारा मूल दस्तावेज के प्राप्तांक/पूर्णांक/प्रतिशत एवं आवेदन प्रपत्र फार्म में प्राप्तांक/पूर्णांक/प्रतिशत में भिन्नता पाई जाने पर कभी भी आवेदन को निरस्त अथवा परिवर्तन का निर्णय अंतिम निर्णय चयन समिति का होगा, जिसे अभ्यर्थी को स्वीकार करना अनिवार्य होगा।

7.7. **संविदा मानदेय** :–संविदा सेवा अवधि के दौरान प्रति माह एकमुश्त मानदेय देय होगा। इसके अतिरिक्त किसी भी प्रकार का भत्ता/सुविधा देय नहीं होगा।

7.8. पदों के साथ वर्णित वेतन सांकेतिक है। राज्य स्वास्थ्य समिति के निर्णय से पदो के मानदेय में परिवर्तन संभावित है।

7.9. संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का प्रति वर्ष कार्य मूल्यांकन किया जावेगा। कार्य मूल्यांकन संतोषप्रद होने की स्थिति में संविदा सेवा अवधि की वृद्धि आगामी वर्ष हेतु की जा सकती है। नियमित भर्ती किये जाने पर संविदा पद स्वतः निरस्त हो जायेंगे। भारत सरकार द्वारा प्राप्त आर.ओ.पी. में स्वीकृति के आधार पर ही संविदा सेवा अवधि में वृद्धि की कार्यवाही की जावेगी।

7.10. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थिति होने के पश्चात् मानव संसाधन नीति के नियमानुसार एकमाह का नोटिस देकर अथवा एक माह का वेतन जमा कर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार अभ्यर्थी को त्याग पत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एकमाह का वेतन जमा कर त्याग पत्र दिया जा सकता है।

7.11. संविदा भर्ती में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी आरक्षण नियम एवं समय समय पर जारी अन्य निर्देश/आदेश/नियम यथा संशोधित लागू होंगे।

7.12. विशेष आरक्षण अर्हता वाले (दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक/महिला आरक्षण नियमानुसार होगी) अभ्यर्थियो कोसक्षम अधिकारी द्वारा जारी उससे संबंधित दस्तावेज संलग्न किये जाने होंगे,अन्यथा ऐसे अभ्यर्थियो को आवेदन पत्र में प्रमाण पत्र संलग्न न होने की स्थिति में सामान्य श्रेणी में सम्मिलित किया जायेगा। भूतपूर्व सैनिक के लिए अभ्यर्थी उनके लिये आरक्षित समस्त रिक्तियो को सामान्य मानक के आधार पर भरने के लिए पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं है तो भूतपूर्व सैनिको को प्रवर्ग के अभ्यर्थियो का चयन शिथिल किये गये चयन मानक के अंतर्गत आरक्षित कोटा की कमी को पूरा करने के लिए इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए किया जा सकेगा कि ऐसा शिथिलीकरण ऐसे अभ्यर्थियो के कार्य वहन के स्तर को प्रभावित नहीं करेगा। उक्त पदो को अग्रेषित नहीं किया जावेगा।

7.13. महिला आरक्षण की गणना छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्र. एफ/13–2/2014/आ. प्र./1–3 दिनांक 14.07.2017 के अनुसार दशमलव के अंक को मान्य नहीं करते हुए केवल पूर्णांको को लिया गया है एवं महिलाओं का आरक्षण क्षैतिज एवं कम्पार्टमेंटवाईज होगा।

7.14. उक्त संविदा पद अस्थानांतरित होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नहीं देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।

7.15. नियुक्ति के दौरान अथवा जांच में किसी भी अभ्यर्थी का दस्तावेज गलत पाये जाने की स्थिति में उसे अपात्र या नियुक्ति के बाद भी चयन समिति के द्वारा नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया जा सकेगा।

7.16. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किये जायेंगे।

7.17. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

7.18. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डाला/डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबध में कोई भी दावा मान्य नही किया जावेगा।

7.19. आवेदक को भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने हेतु किसी भी प्रकार की यात्रा भत्ता (टी.ए.डी.ए.) देय नही होगा। वह रूकने की व्यवस्था भी स्वयं वहन करेंगे।

7.20. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन या अन्य किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गई है, चाहे वे किसी भी पद पर रहे हों, उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की श्रेणी में रखा जायेगा।

7.21. संविदा नियुक्ति उपरांत चयनित अभ्यर्थियों को पदस्थापना स्थल पर मुख्यालय बनाकर निवास करना अनिवार्य होगा।

7.22. चयन प्रक्रिया में दावा आपत्ति के तहत मात्र कार्यालय के टंकन/लिपकीय त्रुटि सुधार के आवेदन ही स्वीकार होगें। आवेदक द्वारा पृथक से दस्तावेज संलग्न किए जाने हेतु आवेदन स्वीकार नही होगा।

7.23. भर्ती प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एव समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार कलेक्टर एवं अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति को होगा जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

7.24. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में अभ्यर्थी की जन्म तिथि को आधार मानकर वरीयता निर्धारित की जावेगी। अर्थात जिस अभ्यर्थी की उम्र अधिक होगी उसको वरीयता प्रदान की जावेगी।

7.25. नियुक्ति के पश्चात् भी लिपिकीय त्रुटि पाए जाने पर चयन समिति द्वारा नियुक्ति आदेश को निरस्त किये जाने का अधिकार रहेगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मानव संसाधन नीति 2018 के कंडिका तहत ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवायें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन/किसी भी शासकीय/अर्धशासकीय विभाग/शासन द्वारा वित्त पोषण संस्थाऐं द्वारा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण से सेवा समाप्त की गई है, उन्हे अपात्र उम्मीदार की श्रेणी में रखा जावेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी
जिला सुकमा (छ.ग.)